प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 31.12.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 31.12.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






**मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत जनपदीय मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र में भ्रमण कर बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के विषय में किया गया जागरुक-**

शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलंबी, सशक्त बनाने और सुरक्षित माहौल प्रदान करने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में उनको जागरूक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम तथा उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से समग्र अभियान "मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान" चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 31.12.2024 को नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद के समस्त थानों की शक्ति दीदी/महिला बीट आरक्षियों/एण्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्कूल/कालेज/बीट/गांव आदि में जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत जागरुकता कार्यशाला एवं चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं की शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई की गयी तथा "मिशन शक्ति फेज-05" के सम्बन्ध में सभी बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया, उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस एव शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090-वुमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076–मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।





# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 31.12.2024**

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उ0प्र0 पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को पुष्पगुच्छ/मोमेन्टों प्रदान कर दी गई भावुक विदाई।

आज दिनांकः- 31.12.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा उ0प्र0 पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों की यादगार विदाई हेतु पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उ0प्र0 पुलिस सेवा से अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को उनके परिवारीजनों की उपस्थिति में स्मृति चिन्ह, शॉल, उपहार व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया तथा पुलिस सेवा में रहते हुये उनके द्वारा की गयी विभिन्न सराहनीय सेवाओं को याद करते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य, सुखमय जीवन व उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाओं के साथ भावुक विदाई दी गयी।

**सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मी-**

1. उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र प्रताप सिंह
2. उ0नि0 श्री राज कुमार यादव
3. उ0नि0 श्री राम औतार
4. उ0नि0 श्री देवेन्द्र कुमार पाण्डेय
5. उ0नि0 श्री कामता प्रसाद मिश्र
6. मुख्य आरक्षी चालक श्री शिवराम सिंह

उक्त विदाई समारोह के अवसर पर पीआरओ पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरविन्द सिंह गौर, प्रधान लिपिक श्रीमती शशि तोमर, आंकिक श्री अनिल गिरि सहित सेवानिवृत्त हुये पुलिसकर्मियों के परिवारीजन भी मौजूद रहे।













प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 31.12.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## नववर्ष के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, दिये गये सख्त निर्देश।

## नववर्ष की पूर्व संध्या पर जनपदीय पुलिस रहेगी मुस्तैद, जश्न के दौरान कानून-व्यवस्था पर रहेगी पुलिस की विशेष नजर।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा समस्त जनपदवासियों को नववर्ष 2025 की अग्रिम बधाई दी गयी है तथा समस्त जनपदवासियों से आने वाले नववर्ष को सौहार्द पूर्वक/सुरक्षित ढंग से मनाए जाने की अपील की गयी है।

आज दिनांक 31.12.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदीय पुलिस के वरिष्ठ अधिकारीगण क्रमशः अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे व भारी पुलिस बल के साथ नववर्ष 2025 की पूर्व संध्या के अवसर पर आयोजित होने वाले वाले विभिन्न कार्यक्रमों को सुगमता/शालीनता से मनाये जाने हेतु भीड़-भाड़ वाली जगहों में पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।



पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि नववर्ष के उल्लास में कहीं भी हुडदंग न होने पाये विशेषकर ऐसी जगह जहां भीड रहती हो जैसे- बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, प्रमुख चौराहों, पिकनिक स्पॉट इत्यादि स्थानों पर जनपदीय पुलिस बल के जवानों को सादे वस्त्रों व वर्दी में तैनात किया जाये, साथ ही महिलाओं एवं बच्चियों के साथ कोई दुर्व्यहार न हो इसके लिये यह सुनिश्चित किया जाये कि जनपदीय एण्टीरोमियो टीमें व यूपी-112 की गाडियां लगातार भ्रमणशील रहे, यातायात पुलिस सहित जनपदीय पुलिस को निर्देशित किया गया है कि महत्वपूर्ण स्थानों पर ब्रेथ एनालाइजर लगाकर Drink & Drive की चेकिंग करायी जाये।

#नव_वर्ष की पूर्व संध्या पर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल द्वारा आम जन को सुरक्षा का अहसास दिलाने व बेहतर कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्र के मुख्य चौराहों, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन व मिश्रित आबादी वाले संवेदनशील इलाकों में भारी पुलिस बल के साथ किया गया पैदल गस्त व चैकिंग।

नव-वर्ष की पूर्व संध्या पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस बल के साथ पैदल गस्त की गयी। इस दौरान आम नागरिकों से वार्ता की गयी तथा उन्हें संपूर्ण सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।